



नवभारत
इंदौर, शनिवार, 16 मई, 2026




# जिनदत्त इंन्स्टीट्यूट का सीबीएसई में सर्वश्रेष्ठ परिणाम

**महिदपुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के प्रज्ञा शिक्षण समिती द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान जिनदत्त विद्यालय की छात्रा रिशीका आँजना ने 94 प्रतिशत तथा आस्था कसेरा ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 12 वीं में नगर मे वाणिज्य संकाय मे प्र्थम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।**




साथ ही विद्यालय की निष्ठा मल्होत्रा ने 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान जीव विज्ञान में नगर में प्रथम एवं केवली कोचर ने 83.2 तथा लक्षिता कसेरा ने 82.6 अंको के साथ नगर में विज्ञान गणित संकाय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा प्रकृति सिंह केलवा 75 प्रतिशत अंको के साथ कला संकाय में नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 18 अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में बोर्ड परीक्षा उतीर्ण की। जारी परिणामों में जिनदत्त विद्यालय की छात्रा रिशीका आँजना (94), आस्था कसेरा (92.4), निष्ठा मल्होत्रा (85.8), केवली कोचर (83.2), लक्षिता कसेरा (82.6), जान्हवी चैहान (82), अनिता आँजना (78), श्रुती सोनी (76), निकुंज मल्होत्रा (76), चहेती जेन (76), प्रकृति सिंह केलवा (75) फरहान अली (72) एवं अन्य 21 विद्यार्थियों द्वारा प्रथम श्रेणी प्राप्त की। ज्ञात हो कि विद्यालय द्वारा अपने स्थापना वर्ष से ही लगातार शत-प्रतिशत परिक्षा परिणाम दिया जा रहा है। एवं 12वी बोर्ड मे लगातार छठे वर्ष नगर मे सर्वाधिक अंक लाने की परंपरा कायम रखी। विद्यालय के संदीप चौपड़ा एवं प्रज्ञा चौपड़ा द्वारा नगर के होनहारों को सर्वागींण विकासोन्मुक्त शिक्षा देने के वादे को जिनदत्त विद्यालय परिवार द्वारा अपने प्रथम बोर्ड सत्र से ही सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद एवं संगीत के साथ-साथ नगर में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर पूर्ण किया जा रहा है। प्रज्ञा शिक्षण समिति के सरदारमल चौपड़ा, संदीप चौपड़ा, प्रज्ञा चौपड़ा, विराज चौपड़ा, जवाहर डोसी, नरेन्द्र नाहर, पारस लुणावत एवं जिनदत्त विद्यालय के प्राचार्य लोकेश सोनगरा, जेरलीन सोंडर्स, अनुपमा त्रिपाठी, भारत सिंह, आदित्य पांडे, दिव्या बेस, इमरान खान, विशाल चौधरी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, गैरशैक्षणिक स्टॉफ ने समस्त सफल छात्र, छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ के छात्रों ने किया नाम रोशन




**खाचरौद।** सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में श्री राज राजेन्द्र जयंतसेन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। वाणिज्य संकाय की यशवी राठौर ने 84.6, रत्नराज सेठिया ने 82.4 एवं श्रेया लुणावत ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। वहीं विज्ञान संकाय की छात्रा पलक पोरवाल ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है।

विद्यालय प्राचार्य वीना कुंदी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके सतत परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर विद्यालय एवं समाज का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## एक नजर में

### गोशाला में गायों को खिलाया चारा...




**महिदपुर रोड।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप केसरिया यूनिक द्वारा सेवा और समर्पण की राह पर अपना कदम बढ़ाते हुए प्रथम गौरवशाली कार्य संपन्न किया गया। ग्रुप के सभी सदस्यों ने श्री गोपाल गौशाला पहुंचकर जीव दया के संकल्प को चरितार्थ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायों के पूजन और तिलक के साथ हुआ। जहां सभी सदस्यों ने गौ माता का आशीर्वाद लिया। भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश को शीतलता प्रदान करने हेतु तरबूज एवं हरा चारा खिलाया गया। सेवा कार्य में सम्मिलित हुए सभी दम्पत्ति सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। संचालन ग्रुप की अध्यक्षा नेहा अरविंद बरडिया ने किया। आभार प्रदर्शन ग्रुप की प्रचार सचिव चेतना मनोज बोथरा ने माना। कार्यक्रम के अंत में सभी दम्पत्ति सदस्यों ने आगामी गतिविधियों को और भी अधिक उत्साह, आपसी मेल-जोल और नई ऊर्जा के साथ करने का सामूहिक निर्णय लिया।

### सभी वार्डों में मतदाता सूची का प्रकाशन एसआईआर के आधार पर हो

**खाचरौद।** नगर पालिका चुनाव हेतु मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत सभी वार्डों में मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। जिसमें प्रकाशित सूचियों में अनियमितताएं एवं पुरानी जानकारी सामने आई है। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद राधेश्याम बंबोरिया ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम नेहा साहू को आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि नियमानुसार हाल ही में संपन्न हुए एसआईआर के तहत तैयार मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट के आधार पर वार्डवार नई सूचियों का प्रकाशन किया जाना था। बावजूद एसआईआर से पूर्व की पुरानी सूचियों का ही प्रकाशन कर दिया गया। जो राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के विपरीत है। बंबोरिया ने बताया कि प्रकाशित सूचियों में मृतक मतदाताओं के नाम नहीं हटाए गए हैं। स्थानांतरित मतदाताओं के नाम भी यथावत बने हुए हैं तथा एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जुड़े नए मतदाताओं के नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं। इससे मतदाता सूचियों की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को भी पत्र प्रेषित कर संपूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराया है तथा मांग की है कि पुरानी एवं त्रुटिपूर्ण सूचियों को तत्काल निरस्त कर एसआईआर के ड्राफ्ट के आधार पर वार्डवार नई मतदाता सूचियां तैयार कर पुनः प्रकाशित की जाएं।

### सच्चा सुख भीतर, भौतिक वस्तुओं में नहीं

**इंदौर.** अतिशय योगी 108 मुनि सूयत्न सागर महाराज का मुंबई महानगर (बोरीवली) से णमोकार तीर्थ होते हुए तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की ओर विहार चल रहा है. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज भव्य मंगल प्रवेश महावीर जिनालय संगम नगर में हुआ. रास्ते भर समाजजनों ने मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया एवं आरती उतारी. मुनि सुयत्न सागर 1008 शिखर बंद मंदिरों के दर्शन करने का संकल्प लेकर वहां से निकले हैं. मुनि श्री ने दर्शन का महत्व बताते हुए कहा कि जैन मंदिरों के दर्शन करने से आध्यात्मिक शांति, मानसिक एकाग्रता मिलती है और पुण्य का अर्जन होता है. नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है. मंदिरों में तीर्थंकरों की वीतराग मूर्तियां हमें बताती है कि सच्चे सुख की प्राप्ति भीतर (आत्मा) में है, बाहर की भौतिक वस्तुओं में नहीं. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, महामंत्री देवेंद्र सोगानी, जेनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, डी के जैन, अनामिका बाकलीवाल, महावीर जैन, नकुल पाटोदी, सुरेंद्र बाकलीवाल आदि ने सभी समाजजनों से उक्त कार्य में सहभागी बननें की अपील की है. संगम नगर मंदिर पहुंचने पर मनोज जैन, सुबोध कासली वाल, सतीश जैन, पारस जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन, राहुल जैन आदि ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया.

### लादूनाथ के बरसी महोत्सव में सजा पुष्प बंगला

**इंदौर,.** महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला एमओजी लाइंस के स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में आश्रम स्थित सभी देवी-देवताओं, महाप्रचंड हनुमानजी एवं संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमाओं का मनोहारी पुष्प एवं विद्युत श्रृंगार किया गया. आश्रम पर बुधवार से प्रारंभ हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति भी यज्ञ-हवन के साथ हुई, जिसमें मालवा, निमाड़ और मारवाड़ क्षेत्र से आए संतों-महंतों ने भी सनातन धर्म की मजबूती के लिए आहुतियां समर्पित की. गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से योगेश सुईवाल, भक्त मंडल के रामचंद्र मंडावरा एवं बाबूलाल जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमा का आकर्षक पुष्प बंगला श्रृंगारित किया गया, वहीं महाप्रचंड हनुमानजी के मंदिर में भी सुबह महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पूजा-अभिषेक एवं श्रृंगार कर आरती की गई. बुधवार से आश्रम पर चल रहे अखंड रामायण पाठ का विराम भी हुआ.

### युवा उद्यमी की शार्ट फिल्म ने बढ़ाया शहर का मान

**इंदौर.** शहर के एक युवा उद्यमी श्रेय शर्मा ने देश के मीडिया टेक क्षेत्र में एआई तकनीक से दोहरी एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. उनके द्वारा निर्मित 6 मिनिट की शार्ट फिल्म ने जहाँ बर्लिन में सम्पन्न हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में भारत का परचम लहराया, वहीं नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट और एआई प्रदर्शनी में भी अपनी प्रतिभा और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया. एआई समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था. इंदौर में पिछले 7 वर्षों से काम कर रही 'जेंगोह' नामक इस कंपनी का चयन भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वेव एक्स विभाग ने किया.

# दुर्लभ महासंयोग में आज मनेगी शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती

- **ज्येष्ठ माह में सौभाग्य योग का संगम, साढ़ेसाती व ढैया से मुक्ति और पितृ तर्पण के लिए सर्वोपरि**

**उज्जैन। अत्यंत दुर्लभ संयोग के साथ शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती आज शनिवार 16 मई 2026 को मनाई जाएगी। उदया तिथि के अनुसार स्नान, दान और पूजा 16 मई को ही संपन्न होगी। धार्मिक दृष्टि से यह दिन तंत्र-मंत्र की साधना, पितृ तर्पण और विशेष रूप से शनि देव की शांति के लिए सर्वोपरि माना गया है।**




श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि इस बार शनिश्चरी अमावस्या पर दुर्लभ महासंयोग बन रहा है। इस दिन ज्येष्ठ अमावस्या, शनि जयंती, सौभाग्य योग और ज्येष्ठ माह में पांच शनिवार के साथ-साथ शनिवार को शनि जयंती का विशेष संगम है। यह महासंयोग शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति पाने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

**इन राशियों पर है साढ़े साती और ढैय्या का प्रभाव:** ज्योतिष शास्त्र में शनिदेव के गोचर यानी राशि परिवर्तन से जातक के जीवन में मानसिक, शारीरिक और आर्थिक बदलाव आते हैं। साल 2026 में मीन राशि में शनि के गोचर के कारण मकर, कुंभ और मीन राशि पर साढ़े साती का प्रभाव है। वहीं सिंह और धनु राशि पर ढैय्या चल रही है। इसके साथ ही कन्या और वृषभ राशि भी शनि की दृष्टि के कारण रोग और तकलीफ से प्रभावित हैं।

**पितृ दोष से मिलेगी मुक्ति:** ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार यह दिन पितृ तर्पण के लिए भी अत्यंत शुभ है। श्रद्धालु सुबह तीर्थ स्नान के बाद सूर्य और पीपल वृक्ष पर जल अर्पित करेंगे। काले तिल और जल से तर्पण करने तथा दान-पुण्य करने से शनि दोष व पितृ दोष से मुक्ति मिलने का संयोग है।

### शनि कृपा के लिए विशेष उपाय और वास्तु महत्व

शनि दोष की शांति के लिए छाया दान का विशेष महत्व है। इसके तहत स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना चेहरा देखकर शनि मंदिर में दान करना चाहिए। पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं और ? शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करें। इसके अलावा काले तिल, काले कपड़े, उड़द की दाल और लोहे की वस्तुओं का दान अत्यंत लाभकारी है। वास्तुशास्त्र के अनुसार शनि ग्रह कर्म, अनुशासन, धैर्य और विलंब का अधिपति है और इसकी दिशा पश्चिम है। घर या कार्यस्थल में पश्चिम दिशा को स्थिरता, जिम्मेदारी और परिणाम से जोड़ा जाता है। इस पावन अवसर पर हनुमान जी की आराधना और गरीबों की सेवा करने से भी विशेष लाभ प्राप्त होता है।

## लंबे समय से बंद सट्टा कारोबार शुरू होने की आहट

**खाचरौद।** नगर में लंबे समय से बंद इक्का मिंडी का खेल सट्टा फिर पैर पसारने लग गया है। मजदूर युवा किसान सटोरियों के चंगुल में फंसकर बर्बाद हो रहे हैं। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के उज्जैन दरवाजा, दशहरा मैदान, शुक्रवारिया बाजार, कबाड़ीपुरा सहित नगर के कई क्षेत्रों में सटोरियों सक्रिय हैं। जानकारी के अनुसार सौदे लेकर मोबाइल द्वारा अन्य स्थान पर बैठे अपने साथी को सट्टा उतारा जा रहा है। वहीं मोबाइल पर भी सटोरिए जमकर सट्टा कारोबार चला रहे हैं स्थानीय स्तर कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से यह बेखौफ संचालित हो रहा है।

**एसडीएम के आश्वासन के बाद माने हम्माल**

# कृषि उपज मंडी महिदपुर धरना प्रदर्शन खत्म



**महिदपुर।** कृषि उपज मंडी महिदपुर में किसानों, तुलावटी, हम्मालों के लिए शुध्द एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं होने तथा इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराने पर न तो संतोषजनक जवाब दिया गया और जब आवाज को बुलंद की गई तो पुलिस के माध्यम से हम्मालों, तुलावटियों के लीडर के साथ मारपीट कर प्रकरण दर्ज करने की धमकी देने पर हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान हम्मालों ने धरना प्रदर्शन कर हड़ताल प्रारंभ कर दी। इस दौरान हम्माल तुलावटी संघ के अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ी और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना क्रम में स्वयं एसडीएम को संज्ञान लेना पड़ा और उन्होंने संघ के अध्यक्ष को 15 दिन का आश्वासन दिया तब जाकर हड़ताल समाप्त कर दी गई।

इस संबंध में हम्माल तुलावटी संघ के अध्यक्ष बाबूलाल जोगचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि एसडीएम अजय हिंगे ने हड़ताल समाप्त कर हमें आश्वासन दिया कि 15 दिन के अंदर थाना प्रभारी नरेंद्रबहादुरसिंह परिहार और मंडी सचिव अश्विन सिंहा पर कार्रवाई की जाएगी। अगर 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो जिले की हर मंडी में हड़ताल कर बंद कर दी जाएगी।

# ऑन जॉब ट्रेनिंग से निखर रहा आईटी विद्यार्थियों का कौशल, मिल रहा व्यावहारिक अनुभव

**उज्जैन।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए श्री सांई कंप्यूटर सेंटर, डिवाइन वैली ऋषिनगर में ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव देकर उन्हें तकनीकी व रोजगारपरक कौशल में सशक्त बनाना है।



प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, डाटा एंट्री, डिजिटल कार्यप्रणाली, दस्तावेज प्रबंधन, ऑनलाइन सेवाओं, सॉफ्टवेयर डिजाइन और तकनीकी कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इससे छात्र न सिर्फ कार्यस्थल की कार्यप्रणाली को करीब से समझ रहे हैं, बल्कि अपने ज्ञान का व्यावहारिक रूप से उपयोग करना भी सीख रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। यह ट्रेनिंग छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और कार्यकुशलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्राचार्या के अनुसार, ऐसे कार्यक्रम छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने के साथ ही उनमें व्यावसायिक दक्षता व जिम्मेदारी की भावना भी जगाते हैं। आईटी ट्रेनर संदीप मोरी और ट्रेनर विनय कुमार रेकवार के मार्गदर्शन में विद्यार्थी पूरे उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि इस ट्रेनिंग से उन्हें वास्तविक कार्य वातावरण को समझने और तकनीकी ज्ञान को बेहतर ढंग से सीखने का बेहतरीन अवसर मिला है।

**एक नजर** — **पथ विक्रेताओं ने लगाए निगमकर्मियों पर मारपीट के आरोप**

# जब्त ठेले लौटाने मंत्री विजयवर्गीय ने निगमायुक्त को लिखा पत्र

- **हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने इंदौर जाकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**उज्जैन।** पथ विक्रेता महिलाओं के साथ कथित मारपीट और ठेले जब्त किए जाने के मामले में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संज्ञान लिया है। शुक्रवार को इंदौर में हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के निवास पर मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल की शिकायत पर मंत्री विजयवर्गीय के कार्यालय से उज्जैन नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी कर संजय चौहान के आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुलाकात के दौरान संघ ने शहर में पथ विक्रेताओं के लिए स्थायी हॉकर जोन बनाने की भी प्रमुखता से मांग की है।



**निगम कर्मियों पर मारपीट और अवैध जब्ती के आरोप:** संघ द्वारा मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में नगर निगम के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार 6 फरवरी को जब पथ विक्रेता झोन क्रमांक 2 फायर ब्रिगेड पर अपना जब्त सामान छुड़ाने गए थे तब निगम कर्मी मोनू थनवार मनीष बाली और आनंद भेरवे सहित अन्य कर्मचारियों ने महिलाओं के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की और पुरुषों के साथ मारपीट की। आरोप है कि पथ विक्रेताओं के 11 ठेले अवैध रूप से जब्त किए गए हैं जबकि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अनुसार प्रमाणित विक्रेताओं का सामान इस तरह जब्त नहीं किया जा सकता।

**कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल, झूठे केस का आरोप:** व्यापारी संघ का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य सौंपने के बावजूद कोतवाली थाना पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पुलिस ने उल्टा संजय चौहान कालूराम चौहान और अर्जुन कहार के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया है। संघ का यह भी आरोप है कि थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है और पीड़ित महिलाओं को थाने बुलाकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने वर्तमान थाना प्रभारी को हटाकर किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### मांगों के निराकरण के लिए चर्चा आज

मंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय चौहान, कालूराम चौहान, विजय जोशी, रामकुमार सोनी, अर्जुन कहार, विजय जैन, पवन जैन, बाबूलाल यादव, राहुल चौरसिया, रविंद्र कार्तिक, सुमित्रा सिंह चौहान शामिल थे। संघ के पदाधिकारी शनिवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर मंत्री का पत्र सौंपेंगे और अपनी मांगों के निराकरण के लिए चर्चा करेंगे।